भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1795
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

सेल की इकाइयों में कार्यरत कर्मचारी

1795. श्री बिद्युत बरन महतोः

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की सभी इकाइयों में कार्य की स्थायी और अस्थायी प्रकृति क्या है;
(ख) विगत पंद्रह वर्षों के दौरान सेल की प्रत्येक इकाई में कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए और कितने कर्मचारी नियुक्त हुए;
(ग) वर्तमान में सेल की प्रत्येक इकाई में अधिकारियों और कर्मचारियों के अलग-अलग पदों पर कितनी रिक्तियां हैं; और
(घ) सेल की प्रत्येक इकाई में स्थायी स्वरूप के कार्यों में नियोजित ठेके पर काम करने वाले कामगारों (ठेकेदारों द्वारा नियोजित) की संख्या कितनी है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में स्थायी प्रकृति के कार्य नियमित कर्मचारियों के माध्यम से विभागीय रूप से किए जाते हैं। कुछ विशेष, सविराम या गैर-प्रमुख गतिविधियां निर्धारित निविदा प्रक्रियाओं और मौजूदा दिशानिर्देशों का पालन करते हुए जॉब-कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाती हैं।

सेल में जनशक्ति की लागत उत्पादन लागत का लगभग 12% है, जो इसकी साथी कंपनियों में सबसे अधिक है। अतः सेल वार्षिक मानव संसाधन योजना की प्रक्रिया के माध्यम से उद्देश्यपूर्ण मूल्यांकन के आधार पर अपने जनशक्ति आवश्यकताओं का अनुकूलन कर रहा है, जिसे वार्षिक आधार पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

*****